आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 22.12.2024

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने समाज में नशे और ड्रग्स जैसी बुराइयों को मिटाने, शिक्षा के माध्यम से नैतिक मूल्यों का विकास करने और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने की अपील की है।
- पिछले 5 वर्षों में विद्युत हानियां 20 दशमलव चार–चार प्रतिशत से घटकर 14 दशमलव छह–चार प्रतिशत तक पहुंची है।
- क्वालालंपुर में अंडर–19 महिला टी–ट्वंटी एशिया कप क्रिकेट के फाइनल में भारत ने बंग्लादेश को 41 रन से हराकर खिताब जीता।
- और, अगले दो दिन मौसम ले सकता है करवट, मौसम विभाग ने हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

## राज्यपाल अपील

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने समाज में नशे और ड्रग्स जैसी बुराइयों को मिटाने, शिक्षा के माध्यम से नैतिक मूल्यों का विकास करने और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों से अपील की है। गाजियाबाद में आयोजित राष्ट्रीय सैनिक संस्था के 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेते हुए राज्यपाल ने कहा कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है, और हमें एकजुट होकर आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था वीर सैनिकों और राष्ट्रभक्त नागरिकों के साथ व्यक्तिगत और चरित्र निर्माण के क्षेत्र में काम कर रही है। इस अवसर पर राज्यपाल ने वीर शहीदों के परिवारजनों और वीरांगनाओं को सम्मानित किया।

## बिजली आपूर्ति

उत्तराखंड के विद्युत वितरण क्षेत्र में इस समय अभूतपूर्व सुधार हो रहे हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) ने बिजली वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पिछले कुछ वर्षों में विद्युत आपूर्ति की बढ़ती मांग के बावजूद यूपीसीएल ने वितरण नेटवर्क को मजबूती दी है, जिससे राज्य में बिजली की आपूर्ति में सुधार हुआ है और विद्युत हानियों में भी कमी आई है। पिछले 5 वर्षों में विद्युत हानियां 20 दशमलव चार–चार प्रतिशत से घटकर 14 दशमलव छह–चार प्रतिशत तक पहुंची है। यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक ने कहा कि विद्युत हानियों में कमी से राज्य को बचत मिली है, जिससे सस्ती दरों पर बिजली आपूर्ति संभव हो रही है। भविष्य में स्मार्ट मीटरिंग, स्काडा और आरटी–डैस सिस्टम जैसी तकनीकों से और भी सुधार होगा। ये प्रयास न केवल प्रदेश के विद्युत वितरण

क्षेत्र को मजबूती दे रहे हैं, बल्कि राज्य की समग्र विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं।

## सौर ऊर्जा

यूपीसीएल की ओर से राज्य में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि उत्तराखंड में 12 महीने सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा सकता है। विभाग ने इस वर्ष का 100  प्रतिशत टारगेट पूरा कर लिया है। और विभाग अगले वर्ष में डेढ़ सौ प्रतिशत टारगेट पूरा करने की योजना बना रहा है।

## वन–रिपोर्ट 2023

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल देहरादून में वन–रिपोर्ट 2023 का विमोचन किया। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कुल वन और पौध–क्षेत्र 8 लाख 27 हज़ार वर्ग किलोमीटर से अधिक इलाक़े में फैला है जो देश के कुल क्षेत्रफल के 25 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 2021 के मुकाबले, 2023 में वन–क्षेत्र में लगभग डेढ हज़ार वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। श्री यादव ने बताया कि दावानल की जानकारी सही समय पर देने की उन्नत तकनीक के कारण वन प्रबंधन बेहतर हुआ है। वन सर्वेक्षण रिपोर्ट हर दो साल पर जारी की जाती है।

## उद्घाटन

पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में छात्रों के समग्र विकास के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने ओपन जिम, बास्केटबॉल और वालीबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया। इसके अलावा, 1 करोड़ 46 लाख की लागत से बने एक स्किल सेंटर का भी शुभारंभ किया गया, जहां छात्रों को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद के महत्व पर जोर दिया, ताकि भविष्य के चिकित्सक शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर बेहतर इलाज प्रदान कर सकें।

## नशा मुक्ति जिला स्तरीय बैठक

हरिद्वार में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नशा मुक्ति के लिए विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय बनाने और ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से नकली दवाइयों की तस्करी और नशा मुक्ति केंद्रों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया, ताकि युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जा सके।

## श्रीनिवास रामानुजन जयंती

हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में गणित के महान शास्त्री श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. यूसी गैरोला ने रामानुजन के जीवन और उनके गणितीय योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्रों ने

रामानुजन के कार्यों पर आधारित पोस्टर और मॉडल प्रस्तुत किए, जो उनकी गणितीय खोजों को समझने में मददगार रहे।

## महिला टी–20 महिला एशिया कप – भारत विजेता

क्वालालंपुर में अंडर–19 महिला टी–ट्वंटी एशिया कप क्रिकेट के फाइनल में भारत ने बंग्लादेश को 41 रन से हराकर खिताब जीत लिया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 117 रन बनाए। जी.त्रिशा ने 47 गेंदों में 52 रन का सर्वाधिक योगदान किया। बंग्लादेश की ओर से फरजाना एस्मिन ने चार खिलाडियों को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंग्लादेश की टीम 118 रन के लक्ष्य के जवाब में 18 दशमलव तीन ओवर में 76 रन पर ही सिमट गई। भारत की आयुषी शुक्ला ने तीन विकेट लिए जबकि परूनिका सिसोदिया और सोनम यादव ने दो–दो खिलाड़ियों को आउट किया। इस टूर्नामेंट में एशिया की श्रेष्ठ छह टीमों ने हिस्सा लिया। निकी प्रसाद की कप्तानी में भारत ने इस प्रतियोगिता में सभी मैचों में जीत हासिल की।

## मौसम

प्रदेश में एक बार फिर से मौसम के करवट लेने की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अगले दो दिन हल्की बारिश हो सकती है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, देहरादून, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का भी अनुमान है। विभाग के अनुसार 25 और 26 दिसंबर को मौसम साफ बना रहेगा। लेकिन इसके बाद 27 और 28 दिसंबर को प्रदेशभर में बारिश और ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी हो सकती है।

## मेरा सपना मेरा लक्ष्य

बेटियों के सपनों और उनके लक्ष्यों को प्रोत्साहित करने के लिए बागेश्वर में मेरा सपना, मेरा लक्ष्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज, देवतोली से 50 किलोमीटर दूर आई छात्राओ से जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने संवाद किया और उन्हें शिक्षा, समग्र विकास और जीवन के मूल्यों के महत्व के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने बेटियों को अनुशासन और कड़ी मेहनत की सलाह दी, ताकि वे अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकें।

## तैयारियां

उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को लेकर उत्साह है। हल्द्वानी के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों की एक्वेटिक्स स्पर्धाओं की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस प्रतियोगिता में देशभर से 800 से अधिक खिलाड़ी तैराकी, डाइविंग और वाटरपोलो स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने तीन प्रमुख पूलों की व्यवस्था की है, और मुख्य तरणताल का तापमान नियंत्रित करने के लिए बायलर संयंत्र लगाए जा रहे हैं, ताकि सर्दियों के मौसम के बावजूद प्रतियोगिता को आसानी से संपन्न कराया जा सके।

## सुशासन दिवस

भारतीय जनता पार्टी अटल जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। इसके तहत स्मृति सभा, सुशासन यात्रा और चौपालों के माध्यम से प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती को भाजपा पार्टी हर वर्ष की तरह सुशासन दिवस के रूप में मनाने जा रही है। इस अवसर पर देशभर में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## कस्तूरी विंटर कौथिग 2024

उत्तराखंड के पारंपरिक कृषि, काष्ट और हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कस्तूरी संगठन की ओर से ओल्ड मसूरी रोड, देहरादून पर कस्तूरी विंटर कौथिग 2024 का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रथम महिला गुरमीत कौर ने किया, जिन्होंने स्थानीय महिला समूहों और हस्तशिल्पकारों के उत्पादों की सराहना की। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को प्रोत्साहित करना था, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देना था।

## प्रशासन गांव की ओर

हरिद्वार जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत बहुद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराई, जिनमें पेयजल, चकबंदी, विद्युत, और पेंशन जैसी समस्याएं शामिल थीं। जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने मौके पर कई समस्याओं का समाधान किया और शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।